युवराज
# न्यूज़ टुडे
NEWS TODAY Update
www.newstodayupdate.in
RNI:- BIHHIN05409
राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक
आपकी आवाज़

वर्ष : 06 अंक : 10+18 तिथि : 18 जून 2020 मूल्य : निःशुल्क प्रधान संपादक : डा. राजेश अस्थाना – 9471005272, 8210595830

email: newstodaymth@gmail.com website : newstodayupdate.in

रजि० कार्यालय : अष्ठाना निवास, मठिया जिरात, मोतिहारी-845401
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 9471005272

## न्यूज़ टुडे लॉक डाऊन स्पेशल रोजाना अंक

## अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के स्वजन भी माने कि वे बॉलीवुड की गैंगबाजी से थे परेशान, सुशांत से वापस ली गई फिल्में, काबिलियत से घबराने लगे थे बड़े स्टार



न्यूज टुडे खोज खबर




डा. राजेश अस्थाना,
एडिटर इन चीफ,

अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत के स्वजन भी अब मान रहे हैं कि वे बॉलीवुड की गैंगबाजी से परेशान थे मगर इस बात की जानकारी सुशांत ने परिजनों को नहीं दी थी। मुंबई में दो दिन तक पुलिस और सुशांत के दोस्तों से हुई बातचीत के बाद स्वजन इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं।

**सामने आया स्वजनों का पक्ष**

सुशांत के चचेरे भाई व नीरज कुमार बबलू ने दूरभाष पर हुई बातचीत में महाराष्ट्र सरकार ने पूरे जांच का आदेश दिया है। ने जांच भी शुरू कर दी है। का बयान लिया गया है। उम्र ही क्या थी?

**गैंगबाजी कर सुशांत को घेरा**

सुशांत 33 साल का तो हुआ इंडस्ट्री में अपनी काबिलियत उभर रहा था। जो मुकाम हासिल किया, उससे कई बड़े हुए थे। गैंगबाजी कर सुशांत काम किया गया। बताया जा रहा चार–पांच फिल्में इसके वापस ले ली गई। दोस्त भी में है, जिससे कई सारी बातें आ पा रही है।

**आउटसाइडर को नहीं मिलती**

उन्होंने बताया कि देखिए खुलकर नहीं बता रहा है, बड़ी बात है कि इतना बड़ा तो निश्चित रुप से डिप्रेशन उसे कहीं न कहीं घेरने का गया। ये सब बातें वहां के चल रही थी। इस बात उसने किसी को नहीं होने किसी से कुछ शेयर नहीं बात तो है कि यहां पर को बिना गैंग में शामिल हुए नहीं करता। चाहें जितना भी कलाकार हो। जो भी बिहार

विधायक जागरण से बताया कि मामले की क्राइम ब्रांच कई लोगों अभी उसकी

था। फिल्म पर तेजी से कम समय में स्टार घबराए को घेरने का रह है कि हाथ से अभी सदमे सामने नहीं

मदद अभी कोई लेकिन सबसे कदम उठाया में होगा। प्रयास किया अंदरखाने में का एहसास दिया। कभी किया। एक आउटसाइडर कोई मदद ब ड़ा के कलाकार

रहे हो उन्हें घेरने का काम किया गया। हम लोगों को अगर कुछ पता होता तो उसका रास्ता निकाला जाता।

### गंगा में विसर्जित की गई सुशांत सिंह राजपूत की अस्थियां, पटना से ही होगा श्राद्धकर्म




बॉलीवुड के दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की अस्थियां गुरुवार को पटना में विसर्जित की गईं. गुरुवार की दोपहर पटना के गंगा घाट पर सुशांत सिंह राजपूत की अस्थियां लेकर उनके परिवार के लोग और पंडित पहुंचे, जिसके बाद परिवार ने एक नाव पर जाकर बीच गंगा में उनकी अस्थियों को प्रवाहित किया.

सुशांत की अस्थियां दीघा गंगा घाट पर की गई जहां सुशांत की मां की भी अस्थियां विसर्जित की गईं थीं. सुशांत सिंह की अस्थियों को विसर्जित उनकी बहन प्रियंका सिंह और रानी सिंह ने किया. इस दौरान नाव पर उनके साथ पिता केके सिंह और पंडित भी मौजूद थे भी उनके साथ में थे. सुशांत के परिवार से जुड़े लोगों ने बताया कि उनका श्राद्धकर्म पटना से ही होगा. हालांकि, ऐसी भी संभावना जताई जा रही है कि गांव पूर्णिया से भी उनका श्राद्ध हो सकता है.

**गरीब बच्चों को नासा में भेजने का था सपना**

नीरज कुमार बब्लू ने बताया कि सुशांत पिछले साल ही गांव आया था। गांव आकर छोटे बच्चों की तरह रहता था। पेड़ों पर चढना, खेतों में खेलना वह सब कुछ करता था। एक बार उसने जिक्र भी किया था कि सपना है कि गरीब बच्चों को नासा भेजेंगे। तब हम बोले थे कि इस गांव के बच्चों को भी भेज देना। वादा किया कि भेजेंगे। फिल्म लाइन से हटकर

## भारत की अखंडता और संप्रभुता सर्वोच्च है, हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा : प्रधानमंत्री



ई. युवराज,
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,

न्यूज टुडे एक्सक्लूसिव :




पूर्वी लद्दाख की गलवन घाटी में चीनी आर्मी के साथ खूनी झड़प में 20 भारतीय सैनिकों के शहीद होने की गंभीर घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को भरोसा देते हुए चीन को आगाह किया कि चाहे कोई भी हालात हो भारत अपनी हर इंच जमीन की रक्षा करेगा। मैं देश को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हमारे लिए भारत की अखंडता और संप्रभुता सर्वोच्च है और इसकी रक्षा करने से हमें कोई भी रोक नहीं सकता। भारत शांति चाहता है, लेकिन भारत उकसाने पर हर हाल में माकूल जवाब देने में सक्षम है। इस बारे में किसी को भी जरा भी भ्रम या संदेह नहीं होना चाहिए।

**संप्रभुता से समझौता नहीं**

कोरोना महामारी पर मुख्यमंत्रियों की बैठक शुरू करने से पहले पीएम मोदी ने गलवन घाटी में भारत–चीन के सैनिकों की हिंसक झड़प की चर्चा करते हुए चीन को कड़ा का संदेश दिया। भारत सांस्कृतिक रुप से एक शांति प्रिय देश है और हमारा इतिहास शांति का रहा है। सबके सुख–समृद्धि की कामना ही भारत का वैचारिक मंत्र रहा है। हमने हर युग में पूरे संसार में शांति की पूरी मानवता के कल्याण की कामना की है और अपने पड़ोसियों के साथ तरीके से मिलकर काम किया है। जहां कहीं हमारे मतभेद भी रहे हैं, हमने हमेशा ही ये प्रयास किया है कि मतभेद विवाद में न बदलें।

**उकसाने पर देंगे माकूल जवाब**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत शांति चाहता है, लेकिन उकसाने पर यथोचित जवाब देने में भी सक्षम है। हम कभी किसी को भी उकसाते नहीं है, लेकिन हम अपने देश की अखंडता और संप्रभुता से समझौता भी नहीं करते हैं। हर मौके पर हमने अपनी अखंडता और संप्रभुता के लिए अपने शौर्य का प्रदर्शन किया है। हमने हमेशा वक्त पड़ने पर अपनी क्षमताओं को साबित किया है। त्याग हमारे राष्ट्रीय चरित्र का हिस्सा है। साथ ही वीरता भी हमारे चरित्र का हिस्सा है। मैं देश को यकीन दिलाता हूं कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। भारत माता के वीर सपूतों के विषय में देश को इस बात का गर्व होगा कि वे लड़ते–लड़ते मातृभूमि के लिए शहीद हुए हैं।

**हर एक इंच जमीन की रक्षा करेंगे**

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं शहीदों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करता हूं और उनके परिजनों को भरोसा दिलाता हूं कि देश आपके साथ है। भारत अपने स्वाभिमान और हर एक इंच जमीन की रक्षा करेगा। इस संक्षिप्त संबोधन के बाद पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने लद्दाख बॉर्डर पर शहीद जवानों के लिए दो मिनट का मौन रखकर वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 जून को इस मसले पर सर्वदलीय बैठक भी बुलाई है।

**भारत ने सैन्य और सामरिक मोर्चेबंदी बढ़ाई**

गलवन घाटी में चीनी सैनिकों की चालबाजी को देखते हुए भारत ने भी चीन से लगी सभी सीमाओं पर अपनी सामरिक और रणनीतिक मोर्चेबंदी मजबूत करने की गति तेज कर दी है। इस लिहाज से लद्दाख समेत तमाम अग्रिम मोर्चे पर फौज की तैनाती पर्याप्त संख्या में सुनिश्चित करने के लिए इन इलाकों में सैनिकों को भेजा जा रहा है। कई सैन्य कमांड में बटालियनों को त्वरित संदेश मिलते ही तैनाती के लिए जाने को तैयार रहने को कहा गया है। सूत्रों का यह भी कहना है कि सामरिक चौकसी के मकसद के लिए किए जा रहे इन प्रयासों के तहत सेना के अलावा वायुसेना और नौसेना के कमानों को भी सतर्क कर दिया गया है।

## सीमा पर तनाव के हालात पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा- चीन के मामले में केंद्र के साथ है राजद, पीएम मोदी जो भी कदम उठाएंगे, हम साथ देंगे



आशीष राज,
स्थानीय संपादक,




सीमा पर तनाव के हालात पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाया है। साथ ही यह भी कहा है कि चीन के मामले में सरकार जो भी कदम उठाएगी, हम साथ देंगे। प्रधानमंत्री सीमा की सुरक्षा के लिए प्रत्येक जरूरी कदम उठाएं। हमारी सेना दुश्मनों को जवाब देने में सक्षम है। पटना में उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आखिर क्या बात है कि जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई है तभी से पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंध खराब होने लगे हैं। बांग्लादेश, नेपाल, मॉरीशस जैसे दशों के साथ भी हमारे रिश्ते बिगड़ रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार के शहीद कुंदन के परिजनों से बात की और परिजनों को भरोसा दिया कि पूरा देश उनके साथ खड़ा है। सैनिकों की शहादत बेकार नहीं जाएगी। नेपाल के साथ खासकर बिहार के संबंधों के बारे में तेजस्वी ने कहा कि हम सदियों से अच्छे पड़ोसी की तरह रह रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल के बीच हमारे शादी–विवाह और खेती–बाड़ी का संबंध है। हाल के दिनों में कुछ न कुछ कमी जरूर हुई है, जिसके चलते पड़ोसियों के साथ हमारे संबंधों में खटास आयी है। भाजपा को चाहिए कि वर्चुअल रैली से ज्यादा पड़ोसी देशों से संबंध सुधारने पर ध्यान दे। इससे जनता को लाभ मिलेगा और पड़ोसी देशों के साथ संबंध भी मधुर होंगे।

गौरतलब है कि इन दिनों अचानक पड़ोसियों के साथ संबंध बिगड़ गये हैं। पिछले दिनों बिहार में सीतामढ़ी के निकट भारत–नेपाल बॉर्डर पर नेपाली पुलिस ने फायरिंग कर दी। इसमें एक भारतीय किसान विकेश की मौत हो गई थी। इतना ही नहीं, एक किसान को नेपाली पुलिस ने बंधक बना लिया था। बाद में भारत के दबाव में नेपाली पुलिस ने बंधक बनाए गए किसान को रिहा किया।

बस एक क्लिक कीजिए
देश दुनिया की ख़बर के साथ अपनी ख़बर भी देखिए
www.newstodayupdate.in
A Fast Growing Web News Portal
A unit of Yuvaraj Media Entertainment
Contact for News & Advt.: 9471005272, 8210595830

Yuvaraj Media & Entertainment
बिहार विधानसभा चुनाव में डिजीटल प्रचार के लिए संपर्क करें:
Contact For Advt. (Still & Video), News: +91 9471005272, 8210595830

